प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 17.09.2023

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर जनपद के समस्त थानों, पुलिस लाइन व फायर स्टेशन महोबा में विधि विधान पूर्वक की गयी पूजा-अर्चना..



आज दिनांक 17.09.2023 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पुलिस लाइन महोबा के शस्त्रागार में पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा की विधि पूर्वक पूजा-अर्चना की गयी ।

इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों पर पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा एवं फायर स्टेशन महोबा के प्रांगण में प्रभारी फायर स्टेशन श्री देवेश कुमार पाण्डेय द्वारा दमकल वाहनों व उपकरणों का पूजन कर भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना की गयी ।

इस दौरान आर्मोरर पुलिस लाइन व फायर स्टेशन महोबा/थानों में नियुक्त समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण तथा मौजूद रहे ।

महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 17.09.2023

मीडिया सेल, महोबा

थाना कबरई पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार:-

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु अवैध शस्त्रों की बिक्री एवं उनके निर्माण में प्रभावी रोकथाम व ऐसे अपराधों में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के अनुपालन में श्री सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक व श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 17.09.2023 को थाना कबरई प्रभारी निरीक्षक श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित टीम उ0नि0 आशिक अली के द्वारा एक नफर अभियुक्त घनश्याम अहिरवार पुत्र स्व0 टाई उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम मकरबई थाना कबरई जनपद महोबा को रेलवे अण्डर ब्रिज के पास से गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज बरामद हुआ । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 246/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया, बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

बरामदगी–01 अदद देशी तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज बरामद होना।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 आशिक अली
2. कां0 सर्वेश कुमार
3. का0 विनीत कुमार

गिरफ्तार अभियुक्त-

घनश्याम अहिरवार पुत्र स्व0 टाई उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम मकरबई थाना कबरई जनपद महोबा

महोबा पुलिस

पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत बालिकाओं एवं महिलाओं को महिला अधिकारों/महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में किया जा रहा है जागरूक-

महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा हेतु उ.प्र. शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से महिलाओं को अवगत कराए जाने एवं अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति जागरुकता अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर आज दिनांक 17.09.2023 को महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा एवं जागरूकता के दृष्टिगत चलाए जा रहे "मिशन शक्ति अभियान" के अंतर्गत जनपद के थानों में नियुक्त महिला बीट पुलिस अधिकारी (शक्ति दीदी) द्वारा सम्बन्धित बीट क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक करने के उद्देश्य से चौपाल लगाकर शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे-शक्ति मोबाइल, महिला हेल्पडेस्क, महिला साइबर सेल, मातृत्व को सम्बल, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मातृ वंदना योजना आदि के साथ-साथ महिला अपराध से सम्बन्धित धाराओ एवं उनकी प्रक्रिया, विभिन्न हेल्पलाइन नं. (112,1090,181,108,1076,1098) इत्यादि की जानकारी से जागरुक किया जा रहा है साथ ही साथ क्षेत्र की सम्भ्रान्त महिलाओं, आशा बहुओं, ए0एन0एम0, शिक्षामित्र, आंगनवाणी कार्यकत्री का व्हाट्सअप ग्रुप बनाकर उनसे निरंतर संवाद बनाये रखते हुये क्षेत्र की पीडित महिलाओं/बालिकाओं की समस्याओं का शतप्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

महोबा पुलिस